समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# IPL 2025 फाइनल वेन्यू को लेकर आया बड़ा अपडेट, 3 जून को इस स्टेडियम मे हो सकती है खिताबी भिड़ंत।

Publisher

Published on 13 May 2025



## इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 18 के बचे हुए मैचों और प्लेऑफ का शेड्यूल जारी हो गया है. इस बीच 3 जून को होने वाले फाइनल के वेन्यू को लेकर बड़ी अपडेट आई है.

इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 18 भारत पाकिस्तान तनाव के कारण रोक दिया गया था, जिसकी एक बार फिर शुरुआत 17 मई से होने जा रही है. बीसीसीआई ने शेड्यूल आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया है. लीग स्टेज के 13 मैचों की तारीख और वेन्यू का ऐलान हुआ है लेकिन प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू कहां खेला जाएगा ? इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है. हालांकि अब इसको लेकर एक बड़ा अपडेट आया है.

आईपीएल 2025 फिर से 17 मई से शुरू होगा, पहला मैच बेंगलुरु में आरसीबी और केकेआर के बीच होगा. लीग के 13 मैच 6 स्टेडियम में आयोजित होंगे. रविवार 18 मई और 25 मई को डबल हेडर होंगे.

कब खेले जाएंगे IPL 2025 के प्लेऑफ मैच
लीग स्टेज का आखिरी मैच 27 मई को लखनऊ और बेंगलुरु के बीच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा. पहला क्वालीफायर मैच 29 और एलिमिनेटर मैच 30 मई को होगा. दूसरा क्वालीफायर 1 जून और आईपीएल फाइनल मैच 3 जून को खेला जाएगा.

कहां होगा IPL 2025 फाइनल मैच ?

शेड्यूल के अनुसार पहले 25 मई को फाइनल मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाना था. अब फाइनल 3 जून को होगा. रिपोर्ट्स के मुताबिक अब फाइनल का वेन्यू बदल दिया जाएगा, लीग स्टेज के बचे हुए मैच भी वहां नहीं हो रहे हैं. अब फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में शिफ्ट किया जा सकता है.

आईपीएल फाइनल शेड्यूल के बदलने के पीछे का कारण जो सामने आ रहा है वो खराब मौसम है. दरअसल जून की शुरुआत में शहर में तेज बारिश के आसार है. बीसीसीआई ने अपने स्टेटमेंट में बताया कि प्लेऑफ के वेन्यू को लेकर फैसला कुछ दिनों में लिया जाएगा.

IPL 2025 का नया शेड्यूल
17 मई: RCB vs KKR (बेंगलुरु)
18 मई: RR vs PBKS (जयपुर)
18 मई: DC vs GT (दिल्ली)
19 मई: LSG vs SRH (लखनऊ)
20 मई: CSK vs RR (दिल्ली)
21 मई: MI vs DC (मुंबई)
22 मई: GT vs LSG (अहमदाबाद)
23 मई: RCB vs SRH (बेंगलुरु)
24 मई: PBKS vs DC (जयपुर)
25 मई: GT vs CSK (अहमदाबाद)
25 मई: SRH vs KKR (दिल्ली)
26 मई: PBKS vs MI (जयपुर)
27 मई: LSG vs RCB (लखनऊ)
IPL 2025 Playoffs मैचों का शेड्यूल

29 मई: क्वालीफायर 1 (वेन्यू तय नहीं)
30 मई: एलिमिनेटर (वेन्यू तय नहीं)
1 जून: क्वालीफायर 2 (वेन्यू तय नहीं)
3 जून: फाइनल (वेन्यू तय नहीं)
IPL 2025 प्लेऑफ के लिए मजबूत दावेदार

अभी कोई टीम नहीं है, जिसने आईपीएल प्लेऑफ के लिए अपना स्थान पक्का किया है. 57 मैचों के बाद अभी अंक तालिका में सबसे ऊपर गुजरात टाइटंस हैं, जिन्होंने 11 में से 8 मैच जीते हैं. गुजरात की तरफ आरसीबी के भी 16 अंक हैं, वह दूसरे स्थान पर है. आरसीबी ने भी 11 में से 8 मैच जीते हैं. अगर वह 17 मई को कोलकाता को हरा देगी तो वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन जाएगी और कोलकाता दौड़ से बाहर हो जाएगी.

तीसरे नंबर पर पंजाब किंग्स (15 अंक) और चौथे नंबर पर 14 अंकों के साथ मुंबई इंडियंस है. दिल्ली कैपिटल्स के 13 अंक हैं, वह पांचवे स्थान पर है. दिल्ली, पंजाब के 3-3 और मुंबई के 2 मैच बचे हुए हैं.

कोलकाता (11 अंक) और लखनऊ (10 अंक) की उम्मीदें भी प्लेऑफ में जाने की जिन्दा है. ये अंक तालिका में क्रमश छठे और सातवें स्थान पर है. लखनऊ के 3 और कोलकाता के 2 मैच बचे हुए हैं.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.